
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-203 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) सोमवार 06 जुलाई 2026 | youngbharatE-paper.com

# यूपी चुनाव में 2017 दोहराने की तैयारी में बीजेपी!

## योगी के प्लान ने बढ़ाई अखिलेश की टेंशन, एनडीए बैठक की इनसाइड स्टोरी



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। राजधानी लखनऊ में रविवार को एनडीए के सहयोगी दलों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनावी रणनीति, संगठनात्मक समन्वय और भविष्य की सीट शेयरिंग समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद भाजपा नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिया कि पार्टी गठबंधन के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरेगी। बैठक के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम है, लेकिन एनडीए के सभी सहयोगी दल एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय के जरिए उत्तर प्रदेश को विकास की नई दिशा देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए भरोसा जताया कि सेवा और सुशासन के आधार पर एनडीए वर्ष 2027 में फिर से सरकार बनाएगा। बैठक में सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय को प्राथमिकता दी गई। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा और संगठन मिलकर काम करेंगे ताकि 2017 जैसी ऐतिहासिक जीत दोबारा हासिल की जा सके। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता विकास, सुरक्षा और सुशासन चाहती है। उनके अनुसार, राज्य के लोग कानून व्यवस्था और विकास के मुद्दों पर भाजपा के साथ हैं। भाजपा के लिए 2017 का विधानसभा चुनाव एक बड़ा राजनीतिक मानक माना जाता है, जब एनडीए ने 403 में से 325 सीटों पर जीत दर्ज की थी। हालांकि 2022 में यह आंकड़ा घटा, जबकि समाजवादी पार्टी ने अपनी स्थिति मजबूत की। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा अब संगठनात्मक स्तर पर और अधिक सक्रिय दिखाई दे रही है। बैठक में शामिल राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि गठबंधन का उद्देश्य सबसे मजबूत उम्मीदवार को मैदान में उतारना होगा, चाहे वह किसी भी सहयोगी दल से हो। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने कहा कि फिलहाल प्राथमिकता कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की है। सीट शेयरिंग को लेकर उन्होंने कहा कि इस पर उचित समय आने पर निर्णय लिया जाएगा और उन्हें सम्मानजनक हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद है। अपना दल (सोनेलाल) के नेता आशीष पटेल ने भी माना कि बैठक का प्रमुख उद्देश्य भाजपा और उसके सहयोगी दलों के बीच जमीनी स्तर पर बेहतर संवाद स्थापित करना था। भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी का मजबूत संगठन, कार्यकर्ताओं का नेटवर्क और विकास आधारित राजनीति उसकी सबसे बड़ी ताकत है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता जाति, क्षेत्र और परिवारवाद से ऊपर उठकर संगठन के लिए काम करता है। राजनीतिक जानकारों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि लखनऊ में हुई इस रणनीतिक बैठक का असर आगामी विधानसभा चुनावों में किस रूप में दिखाई देता है और एनडीए का साझा चुनावी फार्मूला कितना प्रभावी साबित होता है।

# अब भारत में भी मिल रहा किराए का पार्टनर! बस इस वेबसाइट से करें बुकिंग, देने होंगे घंटे के हिसाब से पैसे



( यंग भारत न्यूज )

अब एक नई सर्विस शुरू हो गई है जो पहले सिर्फ विदेशों तक सीमित थी. KoPartner.in नाम की वेबसाइट के जरिए लोग अब किराए पर पार्टनर बुक कर सकते हैं. ये पार्टनर आपको घंटे के हिसाब से उपलब्ध होते हैं. चाहे शॉपिंग करने जाना हो, मूवी देखनी हो, घूमने जाना हो या किसी इवेंट में साथ चाहिए, बस वेबसाइट पर बुकिंग करनी है और पार्टनर तैयार.

यह सर्विस चीन, जापान और अमेरिका जैसे देशों में पहले से काफी पॉपुलर है. वहां लोग अकेलेपन को दूर करने या सोशल इवेंट्स में साथ देने के लिए किराए के पार्टनर बुलाते हैं. अब भारत में भी यह ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है. युवा पीढ़ी खासकर शहरों में इसे सुविधाजनक मान रही है. वेबसाइट पर रजिस्टर्ड कई लड़के और लड़कियां उपलब्ध हैं. वे प्रोफेशनल तरीके से सर्विस देते हैं. इस वेबसाइट का अनुभव लोग सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं. जहां कुछ लोग सर्विस लेने का अनुभव बता रहे हैं तो कई सर्विस देने का. एक लड़की ने बताया कि वह एक दिन की कई बुकिंग से अच्छी कमाई कर लेती है. उसने कहा, 'लोग अकेले इवेंट में नहीं जाना चाहते, तो हम उनके साथ जाते हैं. बातचीत, घूमना-फिरना और सम्मानजनक व्यवहार- बस इतना ही करना होता है.' सर्विस के नियम साफ हैं. पार्टनर सिर्फ साथ देने के लिए हैं. कोई शारीरिक संबंध या गैर-कानूनी गतिविधि की अनुमति नहीं है. यह सर्विस नैतिकता और समाज पर सवाल खड़े कर रही है. कुछ लोग इसे आधुनिक दोस्ती का नया रूप बता रहे हैं. शहरों में काम की भागदौड़ और अकेलेपन के कारण कई युवा ऐसे साथी की तलाश करते हैं. एक यूजर ने कहा, 'दोस्त ढूंढना मुश्किल हो गया है, तो बेहतर है पैसे देकर अच्छा साथ मिल जाए.' दूसरी तरफ आलोचक कह रहे हैं कि यह रिश्तों को और सस्ता बना रही है. प्यार, दोस्ती और साथ अब किराए पर मिल रहा है. परिवारवादी सोच वाले लोग इसे समाज के लिए खतरनाक बता रहे हैं. KoPartner.in के संस्थापक का कहना है कि वे पूरी तरह प्रोफेशनल और सुरक्षित सर्विस दे रहे हैं. बैकग्राउंड चेकिंग, आईडी वेरिफिकेशन और सेफ्टी प्रोटोकॉल अपनाए गए हैं. ग्राहक और पार्टनर दोनों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है. यह सर्विस युवाओं के बीच चर्चा का विषय बन गई है. कई लोग इसे फ्यूचर का ट्रेंड बता रहे हैं. महंगे डेट्स और सोशल प्रेशर के बीच यह एक आसान विकल्प बनकर उभरा है.

# ''मोदी-योगी ने बदली यूपी की तस्वीर'', नितिन नवीन का बड़ा दावा

## बोले- 2027 में भारी बहुमत से लौटेगा एनडीए

( यंग भारत न्यूज )

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को भरोसा जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2027 के विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगा।



नवीन ने गठबंधन के कामकाज और जनसेवा का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को दिया। राजग सहयोगियों के साथ मुलाकात के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में नवीन ने कहा कि भाजपा अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2027 के चुनावों के लिए एकजुट रहेगा। उन्होंने कहा, 'भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ने में सक्षम है... हम यह सुनिश्चित करेंगे कि राजग के सभी सहयोगी दल मिलकर काम करते रहें ताकि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाया जा सके।' उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने मोदी और योगी के नेतृत्व में सामूहिक प्रयासों से राज्य की तस्वीर बदल दी है। नवीन ने कहा, 'हमारे नेताओं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा की भावना के साथ लोगों के बीच काम किया है। हमें पूरा भरोसा है कि 2027 के विधानसभा चुनावों में राजग गठबंधन भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगा।'

## क्षेत्र कह रहा है कि 'धन्नासेठ' होने से पिछड़ी माधौगढ़ विधानसभा के लोगों का दिल तो नही जीता जा सकता

# माधौगढ़ सीट पर सर्व प्रथम प्रत्याशी घोषित करने वाली बसपा ब्राह्मण वोटों के चक्कर मे गोत्रवाद में फंसी

## लंबे समय से ग्वालियर में जाकर करोड़पति हो गए आशीष पांडे 'सेटिंग-गेटिंग' के बल पर बसपा महारानी मायावती से टिकट तो लेकर आए हैं मगर क्षेत्र के ब्राह्मण चर्चा कर रहे हैं कि कहीं इनका हश्र कान्यकुज होने के कारण पिछले बसपा प्रत्याशी गिरीश अवस्थी जैसा न हो जाए

अनिल शर्मा+ संजय श्रीवास्तव

( यंग भारत न्यूज )

**माधोगड( जालौन )!** बहुजन समाज पार्टी ने एक करोड़पति चर्चित सट्टा व्यापारी ब्राह्मण प्रत्याशी को माधवगढ़ में इस बार चुनाव मैदान में उतारकर जहां सनसनी मचा दी थी! उसका परिणाम यह हुआ ब्राह्मण के अलावा विभिन्न जातियों के युवा बसपा प्रत्याशी आशीष पांडे के आसपास जुड़ने लगे थे वह उनसे देसी की जगह व्हिस्की की फरमाइश करने लगे थे वह उनसे कहते थे हर बार हम चुनाव में अपना ब्रांड बदल लेते हैं उन्होंने कहा वैसे चुनाव मार्च में होना चाहिए लेकिन भाजपा के दिल्ली के सूत्र बताते हैं की विधानसभा चुनाव कहीं दिसंबर में ना हो जाए इसलिए इस विधानसभा के युवा मतदाता तथा पियक्कड़ मतदाता थोड़े मायूस है ईश्वर से मना रहे हैं की विधानसभा चुनाव अपने निर्धारित समय मार्च में ही हों ताकि उनकी मौज मस्ती मार्च तक बनी रहे उधर बसपा प्रत्याशी अपने आधार वोट बैंक दलित समाज के लोगों को हर तरह से खुश करने में लगा हुआ है जब दलित मतदाता उनसे सवाल करता है काय पंडित जी तुम इतते दिन नहीं दिखाने तो प्रत्याशी श्री पांडे उन्हें विनम्रता से जवाब देते हैं की बहन जी का आदेश है की चुनाव लड़ना है इसलिए मैं यहां आ गया हूं वो बुजुर्गों को झुककर प्रणाम करते हुए कहते हैं मेरी सेवा में आपको कोई कमी नहीं मिलेगी सिर्फ आप मुझे विधायक बना दें बसपा प्रत्याशी श्री पांडे जानते हैं यदि 85 हजार दलित जिसमें दोहरे अहिरवार जाटव बिरादरी के ज्यादा हैं अन्य दलितों की संख्या कम है बसपा प्रत्याशी की यह सोच है की दलित और ब्राह्मण अगर एकजुट हो जाते हैं तो वह चुनाव में एक बड़ी ताकत बनकर उभर जाते हैं जिस तरह से वर्ष 2007 में हरिओम उपाध्याय बसपा की टिकट पर चुनाव जीते थे और मंत्री बने थे यह इतिहास फिर से दोहराया जा सकता है लेकिन जब इस बारे में ब्राह्मण मतदाताओं से बात हुई तो उन्होंने कहा की हरिओम उपाध्याय ब्राह्मण में सनाढय बिरादरी के थे जिनकी संख्या ब्राह्मणों के कुल 58000 मतदाताओं में सबसे ज्यादा है लेकिन आशीष पांडे कांनकुब्ज बिरादरी के हैं इनकी संख्या मात्र 5000 है इसके अलावा ठाकुरों की संख्या 50000 है कुशवाहाओं की संख्या 40000 है मुसलमानों की संख्या 35000 है और राठौर की संख्या 15000 है पटेल समाज की संख्या 11000 है ब्राह्मणों में अपनी उपजाति की संख्या कम होने के कारण ब्राह्मणों में उन्हें हरिओम उपाध्याय के मुकाबले काफी कम पसंद किया जा रहा है एक उदाहरण यह भी है की गिरीश अवस्थी को भी जो आशीष पांडे की बिरादरी के हैं उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था इसलिए बसपा में शीर्ष नेतृत्व में यह चर्चा चल पड़ी है की करोड़पति प्रत्याशी आशीष पांडे जिसे ब्राह्मणों में ज्यादा जनाधार नहीं है इसलिए इन्हें बदलकर किसी सनाढ्य ब्राह्मण को क्यों नहीं प्रत्याशी बनाया जाए हालांकि आशीष पांडे अपनी पार्टी के आधार वोट दलित ब्राह्मण कुशवाहा राठौर मुस्लिम के मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं किसी के घर में कोई बीमार होता है तो वह गाड़ी से बीमार को अस्पताल पहुंचते हैं इलाज के लिए पैसा देते हैं शाम को नौजवानों के साथ पार्टी करते हैं और मस्त हो जाने के बाद नौजवान मतदाता और अधेड़ मतदाता उन्हें चुनाव जीतने के लिए जातीय गणित समझाते हैं कि कैसे उनकी जीत होगी लेकिन महफिल से बाहर आने के बाद वह कहते हैं दलित के वोट तो इन्हें मिल जाएंगे लेकिन ये अपनी बिरादरी के वोट तो लायें इन्हीं सवालों को लेकर बसपा नेतृत्व ही भी परेशान है विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद बसपा नेतृत्व किसी जिताऊ कैंडिडेट को आशीष पांडे का टिकट बदलकर ना दे दे इसकी चर्चा जोरों पर है।

**क्योंकि बसपा से हरिओम उपाध्याय की जीत का उदाहरण यहां फिट नही होता क्योंकि माधौगढ़ क्षेत्र में ब्राह्मणों में सर्वाधिक संख्या सनाढ्य ब्राह्मणों की है, जबकि कान्यकुब्ज ब्राह्मण तो मात्र 5 हजार के लगभग है**





**सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि बसपा प्रत्याशी की पहचान क्षेत्र में अब बहुत पुरानी हो चुकी है क्योंकि उन्होंने धन अर्जन करने के लिए बहुत लंबा समय ग्वालियर में बिताया है ऐसे में उनके ज्यादा संख्या में क्षेत्र में घनिष्ट सम्बंध भी नही रह गए हैं**

**गोत्रवाद के इस स्थानीय संकट को लेकर बसपा हाई कमान में भी खासा मंथन चल रहा है, बसपा सुप्रीमो अभी कान्यकुब्ज प्रत्याशी गिरीश अवस्थी की हार को भूली नही हैं, ऐसे में माधौगढ़ का टिकट बदल कर एन मौके पर किसी जिताऊ प्रत्याशी को देने की भी हाई कमान में चर्चा चल रही हैं**

# एंटी रोमियो टीम ने युवतियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और उनके अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** कोतवाली में तैनात एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेस–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने युवतियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और उनके अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं सार्वजनिक स्थानों और चाय–गुटखा की दुकानों पर मौजूद युवकों से पूछताछ कर उनके नाम–पते भी नोट किए गए।



मोहल्ला गणेशजी में चलाए गए जागरूकता अभियान में महिला चौकी प्रभारी मधु देवी ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध या अन्य समस्या होने पर तुरंत पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं की मदद लें। उन्होंने महिलाओं को वूमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान टीम ने बालिकाओं को साइबर अपराधों से सतर्क रहने, सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने और अनजान लोगों से ऑनलाइन बातचीत में सतर्कता बरतने की सलाह दी। साथ ही शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। एंटी रोमियो टीम ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। इस मौके पर मिथिला, प्रमोद कुमारी, सुषमा, निशा, आनंदी, राजाबेटी आदि रहीं।

# पुलिस का गुडवर्क : एक लाख 55 हजार रुपये कीमत के आठ गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन–उरई।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने लगभग एक लाख 55 हजार रुपये कीमत के आठ गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर उनके स्वामियों के चेहरों पर खुशी लौटी।

कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए हुए मोबाइल को बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद, एसएसआई संजय कुमार यति व कम्प्यूटर ऑपरेटर आनंद कुमार सचान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ऑनलाइन सीईआईआर पोर्टल मदद से आठ गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग एक लाख 55 हजार रुपये आंकी गई है। बरामद मोबाइल फोन उनके स्वामी जोशियाना निवासी अर्पित त्रिपाठी, सहावनाका निवासी ऐहतसाम खान, कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बस्ती निवासी जुनीश, सारंगपुर निवासी शीबू कुसमारा निवासी आशू, दिल्ली के सरिता बिहार निवासी देवेंद्र सिंह, मध्यप्रदेश के दतिया निवासी प्रशांत साहू जयपुर के शेखावत नगर झलाना निवासी अनिल कुमार को सौंपे गए। खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर उनके चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# आम रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा कर किया जा रहा, पक्का निर्माण

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** खटीक समाज की धर्मशाला को जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति द्वारा आम रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कराया जा रहा है। रोकने पर झगड़े पर आमादा है। मोहल्ले के लोगों ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर निर्माण कार्य रूकवाने और आम रास्ते को खाली कराने की मांग की है।

मोहल्ला खटीकान निवासी सुनील कुमार, मनोज, संजीव कुमार, गुड्डू, विशाल, पंकज, मंगल, संतराम, श्रीराम, बृजबिहारी, अजय, विजय, शारदा प्रसाद, गंगाराम, रघुवीर, ओमप्रकाश आदि ने बताया कि उनके मोहल्ले में खटीक समाज की धर्मशाला स्थित है। इस धर्मशाला को जाने के लिए 15 फीट का आम रास्ता है। इस आम रास्ते पर मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। अब वह इस रास्ते पर पक्का निर्माण कर रहे हैं। पक्का निर्माण किए जाने से रास्ता संकरी हो जाएगी और आने जाने में परेशान होना पड़ेगा। वाहन आदि भी निकालने में दिक्कत होगी। जब संबंधित व्यक्ति को अवैध कब्जे से रोका गया तो वह लड़ाई, झगड़े पर आमादा हो गया। मोहल्ले के लोगों ने मुख्यमंत्री ने मामले की जांच कराकर निर्माण कार्य रूकवाने और रास्ते से अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है।

# जेठ ने बहु की छेड़खानी कर छत से धकेल कर किया घायल गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल उरई रिफर

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 5 जुलाई।** गैर जनपद एक ग्राम में शराबी जेठ ने 25 वर्षीय बहु से बुरी नियत से हाथ पकड़ कर मकान ऊपर लेंटर से धक्का मार कर घायल किया। जनपद कानपुर देहात थाना देवराहट ग्राम डिलोलिया निवासिनी प्रीती निषाद पत्नी गुलाब सिंह निषाद ने शनिवार को सीएचसी कालपी में इलाज कराते हुए अवगत कराया कि शाम को मैं मकान के ऊपर थी तभी जेठ मुलायम सिंह शराब नशे में धुत होकर मकान के ऊपर आकर बुरी नीयत से हाथ को पकड़ कर छेड़खानी की घटना को अंजाम देने लगा इसका मैंने विरोध किया तो मुझे धक्का मार कर नीचे गिरा कर घायल किया घटना को सुनकर मेरे पति गुलाब सिंह तथा मेरी साथ मुझे घायल अवस्था में उठाकर सरकारी अस्पताल कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान ने महिला मरीज की जांच की जांच दौरान स्थिति नाजुक पाए जाने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया इलाज के दौरान मौजूद सास ने कहा पहले बहू का इलाज कर रहे हैं इसके बाद पुलिस के समक्ष जाकर शिकायत कर कार्यवाही की मांग करेंगे।

# सनातन संस्कृति, संस्कृत एवं लोकमंगल के संवाहक वेदपाठी आचार्यों का हुआ सम्मान

झांसी। ब्राह्मण समाज झांसी द्वारा ₹सनातन धर्म, लोकमंगल एवं वैदिक परंपरा₹ विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भारतीय वैदिक परंपरा, संस्कृत भाषा तथा सनातन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वेदपाठी आचार्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वेदपाठी आचार्य वर्षभर महामृत्युंजय जप, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, रुद्राभिषेक एवं अन्य वैदिक अनुष्ठानों के माध्यम से विश्वशांति, आरोग्य, राष्ट्र की समृद्धि तथा जनमंगल की प्रार्थना करते हैं। उनका योगदान केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और वैदिक ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व भी निभा रहे हैं। संगोष्ठी में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई कि बुंदेलखंड समय-समय पर अल्पवर्षा एवं पेयजल संकट जैसी चुनौतियों का सामना करता रहा है। इसी भावना से वेदपाठी आचार्य पिछले कई दिनों से भगवान शिव की आराधना, महामृत्युंजय जप तथा वर्षा के अधिष्ठाता वरुण देव से अनुकूल वर्षा की प्रार्थना करते हुए विशेष वैदिक अनुष्ठान संपन्न कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़े, किसानों की फसलें लहलहाएं, जलस्रोत समृद्ध हों और प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। ब्राह्मण समाज के प्रांतीय संयोजक डॉ. जितेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि सनातन परंपरा केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि ₹सर्वे भवन्तु सुखिनः₹ के आदर्श पर आधारित जीवन-दर्शन है। वेदपाठी आचार्य अपनी साधना, तप और विद्वत्ता से समाज को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक दिशा प्रदान कर रहे हैं।

# आईएएस एसडीएम रिंकू सिंह राही की जालौन वापसी को लेकर लगातार उठ रही मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** भारतीय गरीब विकास संस्था एवं किसान मजदूर विकलांग एकता मंच के तत्वावधान में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में पूर्व एसडीएम रिंकू सिंह राही की जालौन में पुनः तैनाती की मांग उठाई गई।

ज्ञापन के माध्यम से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवान दास अहिरवार ने कहा कि रिंकू सिंह राही ने अपने कार्यकाल में भूमि संबंधी मामलों, अतिक्रमण तथा कथित भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की थी। संगठन का आरोप है कि उनके स्थानांतरण से क्षेत्र के लोगों में असंतोष व्याप्त है और उनकी पुनः तैनाती की मांग लगातार उठ रही है। ईमानदार अधिकारियों को निष्पक्ष रूप से कार्य करने का अवसर मिलना चाहिए। कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो पांच दिन बाद आमजन के सहयोग से लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन किया जाएगा।

# पुल के मरम्तीकरण कार्य को कंपनी के जिम्मेदार लोग समय से पूरा करें-डीएम

### -हाईवे में यातायात व्यवस्था को चुस्त दूरस्थ करें-एसपी



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 5 जुलाई।** जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक समेत दोनों ने संयुक्त रूप से प्राधिकरण अवर अभियंताओं तथा कंपनी के लोगों साथ पुराने यमुना पुल में हो रहे मरम्मती करण कार्य को विंदुवार निरीक्षण कर निर्देश दिए।

रविवार की शाम डीएम राजेश कुमार पांडे पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने उप जिलाधिकारी अमित शेखर सीओ राजेश कमल प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी एवं हाईवे प्राधिकरण के लोगों के साथ यमुना के पुराने पुल पर मरम्तिकरण कार्य को प्रत्येक बिंदुओं में निरीक्षण किया साथ में उन्होंने मौजूद अवर अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि मरम्तिकरण कार्य को शीघ्र पूरा करे जिससे यातायात व्यवस्था पर व्यवधान न हो सके इसके उपरांत पूरी टीम ने यमुना नए पुल में जाकर यातायात व्यवस्था का जायजा लेकर निर्देश दिए इसके उपरांत डीएम अमले के साथ आलमपुर स्थित मां बनखंडी मंदिर दरबार में पहुंचकर मंदिर में मौजूद महंत जमुना दास महाराज को प्रणाम किया तथा उन्होंने मां देवी दरबार पर माथा टेक कर स्वयं तथा जनपद हेतु खुशी का आशीर्वाद मांगा इसके उपरांत उनका अमला उरई के लिए कूच कर गया।

# नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई** । नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार की रात मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहल्ले के लोगों की मानें तो विवाहिता ने खुदकुशी की है। कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला चौधरयाना निवासी प्रिंस सोनी का विवाह बीती छह मई को बांदा निवासी सुखलाल की बेटी प्रीति सोनी के साथ हुआ था। नव विवाहिता प्रीति सोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार की रात को मौत हो गई। मोहल्ले में चर्चा है कि नव विवाहिता ने साड़ी का फंदा लगाकर कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के समय सास पूजा करने के लिए गई थी। जानकारी के अनुसार परिजन पहले उसे एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे देखकर सीएचसी जाने की सलाह दी। सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक द्वारा मृत घोषित करने के बाद परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस व मायके पक्ष को दी। घटना की सूचना पर चौकी प्रभारी मनीष कुमार तिवारी ने मौके पर पहुंच गए और नवविवाहिता की संदिग्ध मौत को देखते हुए शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलने पर मृतका के परिजन भी मौके पर आ गए। हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी गई है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# आपस में झगड़ा कर रहे भाइयों पर शांतिभंग की कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** आपस में झगड़ा कर रहे भाइयों के बीच पत्थरबाजी होने लगी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी अनुराग और शिवम सगे भाई हैं। दोनों भाइयों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। रविवार की सुबह किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ता हुआ गाली, गलौज व मारपीट तक पहुंच गया। मोहल्ले के लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने यूपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों एक दूसरे पर पत्थर फेंकने लगे। जिसके बाद पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई जहां उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

# बीमार पड़े युवक को नेता ने उठाकर इलाज के लिए अस्पताल में किया भर्ती

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 5 जुलाई।** कदौरा थाना क्षेत्र ग्राम पड़ोसा निवासी 28 वर्षीय शंकर कोरी पुत्र श्री राम रविवार को सुबह मुन्ना फुल पावर पास ओवर ब्रिज के नीचे बिगड़ी हुई हालत में लेटा था वही ओवैसी पार्टी के वरिष्ठ नेता एनुअल हसन मंसूरी कहीं से ओवर ब्रिज के नीचे जैसे आए उनकी निगाहें गरीब युवक बिगड़ी हुई हालत में पड़ी था उन्होंने तत्काल उसको देखकर रिक्शा मंगवाकर बिगड़ी हुई हालत में उसको उठाकर सीएचसी कालपी अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया तथा मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान से मिलकर उसकी दयनीय दशा को बाताई डॉक्टर ने घटना को संज्ञान में लेकर फार्मासिस्ट अशोक कुमार एवं अन्य कर्मचारियों को लगाकर ग्लूकोज की बोतल चढ़ाते हुए इलाज शुरू किया स्थिति सही न आने पर मेमोरेंडम बनाकर इसकी सूचना स्वास्थ्य कर्मचारी के द्वारा कोतवाली कालपी भेज कर मरीज के सहयोग के लिए होमगार्ड की मांग की डॉक्टर का पत्र मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने निर्देश देकर एक होमगार्ड को बेसहारा मरीज का सहयोग करने के निर्देश दिए वहीं पर 108 नंबर एंबुलेंस गाड़ी को बुलाकर मरीज को जिला अस्पताल इलाज हेतु रिफर किया अस्पताल में मौजूद लोगों ने मंसूरी नेता की काबिले तारीफ कर कहां कि जो आपने नेक काम किया है जिससे आपको सर्वाधिक पुण्य प्राप्त होगा।

# पिरोना में गॉव कब अंदर घुस आया मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम पिरौना में उस समय अफरातफरी मच गई जब गांव के तालाब से निकलकर एक विशालकाय मगरमच्छ आबादी की ओर पहुंच गया। मगरमच्छ को आबादी के बीच देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। शोरगुल सुनकर जुटे ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए रस्सियों की मदद से कड़ी मशक्कत कर उसे सुरक्षित पकड़ लिया। जिसके बाद वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रमेश वर्मा विभागीय कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और मगरमच्छ को कब्जे में लेकर गांव से बाहर ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के तालाब में तीन मगरमच्छ हैं जिसके चलते हर समय दहशत बनी रहती है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तालाब की निगरानी बढ़ाने और अन्य दोनों मगरमच्छों को भी सुरक्षित रेस्क्यू कर गांव से दूर छोड़ने की मांग की है।

# विमल क्लीनिक पर निःशुल्क हड्डी एवं जोड रोग शिविर आयोजित

## सभी मरीजो को निशुल्क दबा बांटी गयी



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** मारकंडेश्वर तिराहा स्थित विमल क्लीनिक पर नि:शुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 258 मरीजों की नि:शुल्क जांचें कर परीक्षण किया गया एवं जरूरतमंदों को दवा भी नि:शुल्क वितरित की गई।

शिविर में डॉ. अमन आनंद (एम.बी.बी.एस., जनरल फिजिशियन एवं सर्जन) तथा कुलदीप सिंह (डीपीटी, फिजियोथैरेपिस्ट) द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया एवं नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन दर्द, नस दबना, हाथ–पैरों में सुन्नपन, जोड़ों के दर्द, फ्रैक्चर के बाद की समस्याओं सहित हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित विभिन्न रोगों के मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर आयोजकों ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए अगला नि:शुल्क परामर्श एवं दवा वितरण शिविर 19 जुलाई रविवार सुबह 10 से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीज इसका लाभ उठा सकें।

# माधौगढ़ के नए थाना प्रभारी बने विनोद कुमार मिश्र

## अपराधियों, दलालों और 'फर्जी नेताओं' पर कड़े एक्शन की तैयारी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** माधौगढ़ कोतवाली को नया कमान संभालने वाला मिल गया है। अपनी कड़क और निष्पक्ष कार्यशैली के लिए मशहूर निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने शुक्रवार को माधौगढ़ थाने का कार्यभार संभाल लिया है। उनके कार्यभार संभालते ही क्षेत्र के अपराधियों, सफेदपोश दलालों और राजनीति की आड़ में रसूख चमकाने वाले तत्वों में खलबली मच गई है, जबकि आम जनता में न्याय की उम्मीद जागी है।

सत्ता के रसूखदारों को भी पढ़ा चुके हैं कानून का पाठ

निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र की गिनती बेहद ईमानदार और तेजतर्रार पुलिस अधिकारियों में होती है। इससे पहले वह जालौन कोतवाली प्रभारी के पद पर तैनात थे, जहाँ उन्होंने कानून–व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अपनी पूर्व तैनाती के दौरान उन्होंने मर्यादा लांघने वाले सत्ताधारी दल के उन नेताओं पर भी शिकंजा कसा था, जो कानून को हाथ में लेने का प्रयास कर रहे थे।



### दलाली और 'सूखी नेतागिरी' पर लगेगा पूर्ण विराम

नए थाना प्रभारी के आगमन के साथ ही क्षेत्र में यह चर्चा तेज है कि अब थाने में बैठकर दलाली करने वाले और राजनीतिक रसूख के दम पर सरकार की छवि खराब करने वाले तत्वों की दुकान बंद हो जाएगी। ऐसे लोगों की वजह से न केवल आम जनता परेशान होती थी, बल्कि प्रदेश सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति भी प्रभावित हो रही थी।

> थाना प्रभारी का स्पष्ट संदेश:

> माधौगढ़ क्षेत्र में केवल और केवल कानून का राज चलेगा। पैरवी, राजनीतिक दबाव या दलाली के दम पर मामलों को रफा–दफा करने के दिन अब लद चुके हैं।

> आम जनता को मिलेगी बड़ी राहत

विनोद कुमार मिश्र के चार्ज संभालते ही क्षेत्र के पीड़ितों और मजलूमों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों को पूरी उम्मीद है कि अब बिना किसी राजनीतिक दबाव के गरीबों को न्याय मिलेगा और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# एसपी विनय कुमार सिंह ने जालौन पुलिस में किया बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## अभिलाष मिश्र बने आटा के थानाध्यक्ष, विनोद कुमार मिश्र को मिली माधौगढ़ थाने की कमान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जालौन पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल: अभिलाष मिश्र बने आटा के थानाध्यक्ष, विनोद कुमार मिश्र को मिली माधौगढ़ थाने की कमान जालौन में पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए बड़े स्तर पर पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं। अभिलाष मिश्र को आटा का नया थानाध्यक्ष और विनोद कुमार मिश्र को माधौगढ़ थाने का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों की नई तैनाती करते हुए अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग और जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया है।जनपद जालौन में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, अपराध नियंत्रण को मजबूत करने तथा पुलिस व्यवस्था में नई ऊर्जा लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सोमवार को बड़े स्तर पर निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तबादले एवं नई तैनाती के आदेश जारी किए। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई महत्वपूर्ण थानों के प्रभारी बदले गए हैं। पुलिस विभाग का मानना है कि नई तैनातियों से थानों की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा आम जनता को




बेहतर पुलिस सेवाएं मिल सकेंगी। यह तबादला सूची जिले के प्रमुख थानों और विशेष इकाइयों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि इन बदलावों का उद्देश्य केवल अधिकारियों का स्थानांतरण करना नहीं, बल्कि जिले में पुलिस व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी, सक्रिय और जनहितकारी बनाना है। जिन क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, सीमा सुरक्षा या प्रशासनिक मजबूती की आवश्यकता महसूस की गई, वहां अनुभवी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सबसे प्रमुख बदलावों में निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र को पुलिस लाइन से हटाकर प्रभारी निरीक्षक थाना माधौगढ़ नियुक्त किया गया है। माधौगढ़ थाना क्षेत्र जिले का महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है, जहां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपराध नियंत्रण की चुनौती भी रहती है। ऐसे में अनुभवी अधिकारी को यहां की जिम्मेदारी देकर पुलिस विभाग ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसी क्रम में निरीक्षक शशिकांत चौहान को प्रभारी निरीक्षक थाना नदीगांव से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) बनाया गया है। एएचटी एक महत्वपूर्ण इकाई है, जो मानव तस्करी, महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों की रोकथाम एवं कार्रवाई के लिए कार्य करती है। इस इकाई में उनकी तैनाती को विभाग की विशेष प्राथमिकता के रूप में देखा जा रहा है। वहीं निरीक्षक राजकुमार वर्मा को प्रभारी निरीक्षक एएचटी से स्थानांतरित कर अतिरिक्त निरीक्षक थाना कुठौंद बनाया गया है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव का लाभ कुठौंद थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मिलेगा। उपनिरीक्षक अभिलाष मिश्र को थानाध्यक्ष माधौगढ़ के पद से स्थानांतरित कर थानाध्यक्ष आटा नियुक्त किया गया है। आटा थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने की जिम्मेदारी अब उनके कंधों पर होगी। विभाग को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में थाना क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग देखने को मिलेगी।उपनिरीक्षक राजकुमार को थाना नदीगांव में ही थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्थानीय स्तर पर कार्य करने के अनुभव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों की जानकारी होने से वे अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे। वहीं उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जो अब तक थानाध्यक्ष आटा के पद पर तैनात थे, उनका गैर-जनपद स्थानांतरण किया गया है। उनके स्थान पर अब अभिलाष मिश्र कार्यभार संभालेंगे।पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने स्थानांतरण आदेश जारी करते हुए कहा कि पुलिस व्यवस्था को समय-समय पर मजबूत बनाने के लिए प्रशासनिक बदलाव आवश्यक होते हैं। उन्होंने बताया कि नई तैनातियों का मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों का शीघ्र समाधान, अपराध नियंत्रण में तेजी, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी तथा पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने सभी नव नियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों का तत्काल भ्रमण करें, अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें, नियमित गश्त सुनिश्चित करें तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। विशेष रूप से सीमा क्षेत्रों, संवेदनशील गांवों और अपराध संभावित इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि प्रत्येक थाना प्रभारी जनता के साथ संवाद बढ़ाए, फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुने और शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी की कार्यप्रणाली की नियमित समीक्षा की जाएगी। जिले में हुए इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल को स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने सकारात्मक कदम बताया है। उनका मानना है कि नई तैनातियों से पुलिस व्यवस्था और अधिक सक्रिय होगी तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी। लोगों को उम्मीद है कि नए थाना प्रभारी क्षेत्र की समस्याओं को समझते हुए बेहतर पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। जानकारों का कहना है कि पुलिस विभाग में समय-समय पर होने वाले ऐसे प्रशासनिक बदलाव अधिकारियों में नई कार्यशैली और जवाबदेही का भाव पैदा करते हैं। इससे न केवल अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलती है, बल्कि जनता का पुलिस पर विश्वास भी बढ़ता है। आने वाले दिनों में सभी नव नियुक्त अधिकारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैठकें कर स्थानीय परिस्थितियों का आकलन करेंगे और नई कार्ययोजना के साथ कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में काम शुरू करेंगे पुलिस विभाग ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। विभाग का विश्वास है कि पुलिस और जनता के बेहतर सहयोग से जालौन जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की मजदूरी में 30 हजार की धोखाधड़ी का आरोप, जिलाधिकारी से कठोर कार्यवाही करने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**रामपुरा।** विकासखंड रामपुरा के ग्राम बिलौड़ निवासी सूर्यदास राम लक्षन पुत्र शिवदीन तेली ने ग्राम प्रधान भोदल यादव पर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा की मजदूरी के नाम पर लगभग 30 हजार की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में जिलाधिकारी जालौन को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही एवं धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

शिकायत पत्र के अनुसार सूर्यदास राम लखन को वर्ष 2025 में दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था। उनका आरोप है कि आवास की पहली किस्त मिलने पर ग्राम प्रधान ने 10 हजार ले लिए। इसके बाद तीसरी किस्त और मनरेगा मजदूरी की राशि आने पर प्रधान ने फिंगर डिवाइस के माध्यम से अंगूठा लगवाकर कई बार खाते से धनराशि निकाल ली, जबकि उन्हें यह कहकर गुमराह किया जाता रहा कि उनके खाते में अभी पैसा नहीं आया है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मनरेगा के तहत 14 दिन की मजदूरी में से उन्हें केवल 500 दिए गए, जबकि शेष राशि 2300 रुपए प्रधान ने अपने पास रख ली। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसी प्रकार विभिन्न किश्तों और मजदूरी की रकम मिलाकर करीब 30 हजार की धनराशि धोखाधड़ी कर निकाल ली गई। पीड़ित ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने तथा उनकी बकाया धनराशि दिलाने की मांग की है।

# एसएफजी जनकल्याण फाउंडेशन ने शुरू किया हरित अभियान, 2026 में 100 पौधे लगाने का लक्ष्य

### इंद्रा स्टेडियम के सामने डिवाइडर पर लगाए छह पौधे, तीन साल तक देखभाल का लिया संकल्प

( यंग भारत न्यूज )




**उरई, जालौन।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसएफजी जनकल्याण फाउंडेशन ने वर्ष 2026 में 100 पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया है। अभियान के तहत रविवार को इंद्रा स्टेडियम के सामने सड़क के मध्य स्थित डिवाइडर पर छह पौधों का रोपण किया गया।

फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए गए हैं और कम से कम तीन वर्षों तक उनकी नियमित सिंचाई व देखभाल की जाएगी। वर्ष 2026 में अब तक संस्था 15 पौधे लगा चुकी है। संस्था का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि पौधों को वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के प्रबंधक सुमित कुमार, उपाध्यक्ष प्रेखर गौतम, शिवसेना झांसी मंडल के उपाध्यक्ष मिथिलेश, डॉ. जगदीश, मुकेश वर्मा, आदर्श पटेल, निर्मल यादव (एडवोकेट), कमल पाल (प्रधान), श्रवण कुमार (अकाउंटेंट), अजय और सुरेंद्र यादव (एडवोकेट) सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। फाउंडेशन ने शहरवासियों से भी अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए पौधारोपण, ट्री गार्ड दान, श्रमदान और आर्थिक सहयोग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# उरई क्षेत्र के तीन गांवों में एआईएमआईएम का जनसंपर्क अभियान, कई लोगों ने थामा पार्टी का दामन

- राहिया, धनतौली और बर्ध गांवों में पार्टी की नीतियों का किया प्रचार-प्रसार
- जनसंपर्क अभियान के दौरान दर्जनों लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की
- पार्टी नेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उरई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत राहिया, धनतौली एवं बर्ध में आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेताओं ने ग्रामीणों से संपर्क कर पार्टी की विचारधारा और नीतियों की जानकारी दी। अभियान के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, राहिया ग्राम पंचायत में शहीद खान, रसूल खान, ताहिर खान, रमजान अख्तर, शेख मुहम्मद, इस्माईल खान और लल्लू खान सहित लगभग आधा दर्जन लोगों ने जिलाध्यक्ष रईस मलिक की उपस्थिति में एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। वहीं धनतौली ग्राम पंचायत में शेखू भाई, आशिक अली, रज्जब अली, उस्मान अली, जाकिर भाई, राशिद भाई, नूर भाई, जमशीद भाई, शेख अंसार, रानू भाई एवं शान अली समेत लगभग एक दर्जन लोगों ने पार्टी का दामन थामा। इसी क्रम में ग्राम बर्ध में भी कई ग्रामीणों ने जिला उपाध्यक्ष रियाजुल खान वाहिदी फौजी, विधानसभा अध्यक्ष सलीम मंसूरी तथा जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रसीद अली चिश्ती की मौजूदगी में एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। नवसदस्यों ने पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताते हुए तन, मन और धन से संगठन को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी नए साथियों का पार्टी नेताओं ने स्वागत किया और कहा कि संगठन लगातार गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर जिला महासचिव सबूर बेग, विधानसभा अध्यक्ष सलीम मंसूरी, वरिष्ठ नेता तारिक अनवर रहमानी, जिला संगठन मंत्री माशूक अली, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रसीद अली चिश्ती तथा जिला उपाध्यक्ष रियाजुल खान वाहिदी फौजी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा सम्मान योजना के अंतर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण व टूल किड्स वितरण के लिए 20 जुलाई तक आवेदन करें,,, धर्मेंद्र भास्कर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र धर्मेन्द्र कुमार भास्कर ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद जालौन में पारम्परिक कारीगरों के लियें ट्रेडवार लक्ष्य बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, मोची, धोबी एंव हलवाई आदि ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान कियें जाने हेतु आवेदन आमंत्रित कियें जा रहें है। आवेदन दिनांक 20.07.2026 तक वेबसाइट www.msme.up.gov.in पर योजना का चयन करते हुये आवेदन कर सकते है। उनहोनर योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बंध में बताया कि आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पास की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस0सी0/एस0टी0/ओ0बी0सी वर्ग के लियें), आयु प्रमाण पत्र, आवेदक उत्तर प्रदेश/जनपद का मूल निवासी होना चाहिये, आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहियें (आयु की गणना आवेदन की तिथि से होगी), परम्पारिक कारीगर का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पालिका अथवा नगर पंचायत के सम्बन्धित वार्ड सदस्य से निर्गत किया होना चाहियें, परिवार का केवल एक ही सदस्य आवेदन करने हेतु पात्र होगा। परिवार का आशय पति एवं पत्नी से है, आवेदन कर्ता साक्षात्कार के समय इस बात का लिखित शपथ पत्र 10 रू0 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करेगा कि आवेदक ने पूर्व में या उसके पति/पत्नी ने योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट का लाभ नहीं लिया है।

# सफाईकर्मी ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस हर पहलू से कर रही जांच

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के गोहन थाना क्षेत्र के काशीमपुर गांव में रविवार सुबह लगभग 10 बजे एक 48 वर्षीय सफाईकर्मी ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही गोहन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।



मृतक की पहचान रामप्रकाश सिंह (48 वर्ष) निवासी काशीमपुर के रूप में हुई है। वह गांव में ही सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी पानकुंवर, दो पुत्र मान सिंह व शशिकांत सिंह तथा 17 वर्षीय पुत्री किरण हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, कुछ समय पहले परिवार के कुछ लोगों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद रामप्रकाश सिंह मानसिक तनाव में रहने लगे थे। उनका आरोप है कि लगातार तनाव और मानसिक परेशानी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस ने इन आरोपों की पुष्टि नहीं की है और सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। गोहन थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुआ नाबालिग परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर से एक नाबालिग बालक के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है पीड़ित मंगल सिंह ने दिन रविवार को कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अपने दत्तक पुत्र हर्ष की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसकी जल्द से जल्द बरामदगी की मांग की है वहीं परिजनों के अनुसार हर्ष गांव के बस स्टैंड पर सब्जी की दुकान चलाता था और ठेले से फेरी लगाकर भी सब्जियां बेचता था बताया गया कि 2 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह बिना किसी को बताए घर और दुकान से कहीं चला गया उसके पास लगभग पांच हजार रुपये नकद थे और वह तीन मोबाइल नंबरों का उपयोग करता था घटना के बाद परिवार ने रिश्तेदारों परिचितों और संभावित स्थानों पर उसकी काफी तलाश की लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका।परिजनों का कहना है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा ब्याज पर लिए गए पैसों को लेकर बनाए जा रहे दबाव के कारण हर्ष मानसिक तनाव में था और इसी वजह से उसके कहीं चले जाने की आशंका है वहीं परिवार ने किसी अप्रिय घटना से भी इनकार नहीं किया है। शिकायती पत्र में कुछ लोगों पर संदेह जताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।पीड़ित मंगल सिंह ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर नाबालिग की शीघ्र बरामदगी और मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने की अपील की है वहीं पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

# मासिक बैठक में कांग्रेस ने संगठन की मजबूती पर दिया जोर

### 7 जुलाई को निकलेगी राममंदिर चंदा चोरी पर पदयात्रा-अरविद सेंगर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कांग्रेस जिला कार्यालय शहीद भवन, अजनारी रोड रामनगर उरई में रविवार को जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पिपरायने ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ गठन और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों, जातियों और धर्मों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है तथा समाज में भाईचारा और समानता की भावना को बढ़ावा देती है। वरिष्ठ अल्पसंख्यक नेता अयूब अंसारी ने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों की सक्रिय टीम बनाकर जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान कराने का प्रयास किया जाए। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर ने बताया कि राममंदिर चंदा चोरी प्रकरण को लेकर 7 जुलाई को सुबह 9 बजे कोतवाली के सामने स्थित गांधी चबूतरा से मंशापूर्ण हनुमान मंदिर तक पदयात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में अधिकांश बूथों का गठन पूरा हो चुका है और शेष बूथों का गठन भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में शब्बीर अंसारी, अयूब अंसारी, प्रोफेसर हरीशरन वर्मा जिला प्रवक्ता, सीताराम वर्मा, आशाराम, जमुना दास अहिरवार, आशीष बुंदेला, अखिलेश चौधरी, नफीस पठान, कमल दोहरे, महिला जिलाध्यक्ष शकुंतला तिवारी, जितेन्द्र मिश्रा, रेहान सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मासूम की दर्दनाक मौत

## घर में मचा कोहराम,पूरे गांव में छाया मातम

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सर्किल के कैलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कूंड़ा में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय मासूम अमन की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार गांव में मिट्टी भराई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को चालक पीछे की ओर बैक कर रहा था। उसी समय पास में खेल रहा 12 वर्षीय अमन पुत्र संतोष रजक निवासी ग्राम कूड़ा अचानक ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गया। चालक को इसकी भनक नहीं लगी और ट्रॉली का पहिया बच्चे के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।बताया गया मृतक अमन का पिता फरुख्खाबाद में रहकर पानी पूरी का धंधा करता हैं।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल ट्रैक्टर रुकवाया, लेकिन तब तक मासूम दम तोड़ चुका था। घटना की सूचना मिलते ही कैलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया।वही घर में परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है।





# आईजीआरएस में हुआ है भारी फर्जीवाड़ा, बाकी पर कब होगी कार्यवाही

### -आईजीआरएस में फर्जी निस्तारण और लापरवाही पर लेखपाल निलंबित

### -जिलाधिकारी की वर्चुअल समीक्षा में खुली अनियमितताएं, एसडीएम की जांच में आरोप सही मिलने पर हुई कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जन शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए जिलाधिकारी ने आईजीआरएस संदर्भों की वर्चुअल समीक्षा के दौरान तहसील जालौन के लेखपाल नीटू यादव द्वारा शिकायतों का सही निस्तारण ना करने की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। समीक्षा में यह भी पाया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सीमांकन व ओलावृष्टि संबंधी शिकायतों का नियमानुसार तथ्यात्मक निस्तारण किए बिना सरसरी तरीके से उनका निस्तारण सिंह दिया गया है। क्रॉस जांच में शिकायतकर्ता से संवाद में मामला सही पाया गया । उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी जालौन राकेश सोनी को संबंधित लेखपाल के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।उप जिलाधिकारी द्वारा की गई जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद तहसीलदार जालौन की संस्तुति पर लेखपाल नीटू यादव को तत्काल प्रभाव



से निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित लेखपाल द्वारा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही बरती गई।

ओलावृष्टि राहत प्रकरण में भी आवश्यक अभिलेखों एवं प्रभावित किसानों के बैंक खातों का सही विवरण समय पर उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे राहत सहायता वितरण की प्रक्रिया प्रभावित हुई। प्रशासन द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद अपेक्षित सहयोग नहीं किया गया।जिलाधिकारी ने कह कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की फर्जी रिपोर्टिंग, तथ्यों को छिपाने या शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन शिकायतों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निलंबन अवधि में नीटू यादव का मुख्यालय तहसीलदार कार्यालय, जालौन निर्धारित किया गया है। बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के वे मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। विभागीय जांच के लिए नायब तहसीलदार, जालौन को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# आम रास्ते पर अतिक्रमण-नागरिक परेशान

### -मोहल्लेवासियों ने दिया प्रार्थना पत्र

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगम्मनपुर के वार्ड नंबर-4 के निवासियों ने आम रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर निवासी हरेंद्र सिंह चंदेल, राकेश कुमार राठौर, समरजीत राठौर, सोना राजपूत, नरेश सिंह, शिव कुमार,भगवान सिंह, सुरजीत, मुना सिंह चंदेल, धर्मेंद्र सिंह चंदेल, गुड्डू सिंह चंदेल आदि ग्रामीणों ने रामपुरा थाना प्रभारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि अरविन्द राठौर ने अपने खरीदे गए कच्चे मकान से अधिक भूमि पर निर्माण कर लिया है और अब सार्वजनिक रास्ते की ओर चबूतरा बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि संबंधित मकान का मुख्य प्रवेश द्वार पूर्व दिशा की ओर है, जबकि दक्षिण दिशा में नया गेट और सीढ़ियां बनाकर आम रास्ते पर अतिक्रमण करने की कोशिश की जा रही है।



मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि रास्ते पर चबूतरा बनाया गया तो लोगों के आवागमन और वाहनों के निकलने में कठिनाई होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कच्चे मकान में दक्षिण दिशा की ओर कोई गेट नहीं था, जिसे अब दबंगई के बल पर बना लिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने थाना प्रभारी से मांग की है कि संबंधित भूमि की बैनामे के आधार पर पैमाइश कराई जाए और यदि अतिक्रमण पाया जाए तो नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए।

प्रार्थना पत्र पर मोहल्ले के कई लोगों के हस्ताक्षर हैं। पुलिस का कहना है कि शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# उधारी के पैसा मांगे तो दंपत्ति से गाली-गलौज कर की मारपीट,पीड़ित दंपत्ति ने की पुलिस से शिकायत

### मोबाइल छीनने का लगाया आरोप, जुआ सट्टा खेलने की बात कही

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला भगतसिंह नगर में उधारी के पैसे मांगने को लेकर शनिवार देर रात विवाद हो गया। पीड़ित राकेश कुशवाहा ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अपने उधार दिए गए पैसे वापस मांगे तो आरोपी अपने तीन अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी।राकेश ने बताया कि उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ-साथ उनकी पत्नी पूजा कुशवाहा के साथ भी मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके दो मोबाइल फोन भी छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रविवार दोपहर पीड़ित दंपति कोतवाली पहुंचे और पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायत में मारपीट, अभद्रता और मोबाइल छीनने की बात कही गई है।पीडित दंपत्ति ने बताया उक्त आरोपी जुआ सट्टा का भी संचालन करते है।इस संबंध में अतिरिक्त निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आसपास के लोगों से भी जानकारी कर रही है।



# बिजली की स्पार्किंग से मकान में लगी आग, ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** उरई तहसील के डकोर क्षेत्र में रविवार दोपहर बिजली की स्पार्किंग से एक मकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, लेकिन ग्रामीणों की तत्परता और सामूहिक प्रयास से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझ जाने से आसपास के कई मकान भी बड़े हादसे से बच गए।

जानकारी के अनुसार डकोर निवासी धर्म सिंह यादव के घर में अचानक बिजली के तारों में स्पार्किंग होने से आग लग गई। कुछ ही देर में आग पूरे मकान में फैल गई और धुएं व लपटों से घर घिर गया। धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही ग्रामीणों ने स्वयं आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने पास में लगी समरसेबल से लगातार पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। स्थानीय निवासी गुलाब सिंह ने बताया कि यदि ग्रामीण समय रहते एकजुट होकर आग बुझाने में नहीं जुटते, तो आग आसपास के दो-तीन अन्य मकानों तक फैल सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना में मकान के भीतर रखा घरेलू सामान जलकर नष्ट होने की आशंका है। हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया।

# मारपीट व धमकी का आरोप, युवक ने सीओ से की निष्पक्ष जांच की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**रामपुरा/जालौन।** थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर निवासी गौतम रावत पुत्र महेश रावत ने क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव को एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी पत्नी के द्वारा मारपीट, धमकी और उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। प्रार्थी गौतम रावत के अनुसार उनका विवाह वर्ष 2021 में हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। उनका कहना है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पारिवारिक विवाद शुरू हो गए और उनकी पत्नी आए दिन बिना किसी उचित कारण के विवाद एवं झगड़ा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी अपने मायके पक्ष के लोगों को घर बुलाकर उनके साथ अभद्र व्यवहार कराती है तथा कई बार मारपीट और जान से मारने की धमकी भी दिलवाई गई है। इन घटनाओं के चलते वह स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। गौतम रावत ने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी का वाहिद बान पुत्र निक्के खान नामक व्यक्ति से निकट संपर्क है, जिससे उनके वैवाहिक जीवन में गंभीर विवाद उत्पन्न हो गया है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा है कि जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। प्रार्थी ने यह भी आशंका जताई है कि उनकी पत्नी एवं उसके सहयोगी उनके मकान, जेवरात तथा अन्य संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा करने अथवा उन्हें संपत्ति से वंचित करने का प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण उन्हें भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। अपने प्रार्थना पत्र में गौतम रावत ने क्षेत्राधिकारी से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाए, उन्हें एवं उनकी संपत्ति को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधि के अनुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक निवारक कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा प्रार्थना पत्र प्राप्त कर लिया गया था। मामले में जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।



# डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब की मासिक बैठक संपन्न, पत्रकारो ने रखी अपनी अपनी समस्याए

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पत्रकारो के सबसे बडे संगठन डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई की मासिक बैठक स्थानीय सरोजनी नायडू पार्क में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अंजनी श्रीवास्तव ने की।बैठक में उपस्थित सभी पत्रकार साथियो ने अपनी अपनी समस्याएं अध्यक्ष के समक्ष रखी जिस पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे अंजनी श्रीवास्तव ने सभी की समस्याओ को सुना तथा कहा कि संगठन पत्रकारो के साथ है।उन्होने कहा पत्रकारो ने जो भी समस्याए रखी है उनका पूरी तरह से समाधान किया जाएगा।संरक्षक पुरूषोत्तम रिछारिया,असद अहमद,संजय सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब एकजुट होकर रहे कोई कुछ नही कर पाएगा।वही हरिश्चंद्र तीवारी ने एक प्रार्थनापत्र देकर संगठन से कार्रवाई की मांग की।अध्यक्ष अंजनी श्रीवास्तव ने हरिश्चंद्र तीवारी के प्रार्थनापत्र पर संज्ञान लेकर एक समिति गठित कर कहा कि उक्त समिति स्थानीय एवं जिला के अधिकारियो से भेट कर आगे की रणनीति तय करेगी।बैठक में संरक्षक पुरूषोत्तम दास रिछारिया,असद अहमद,संजय सोनी,हरिश्चंद्र तिवारी,तरूण निरंजन, राहुल राठौर, ऋषि झां,सौरभ झां,हरिओम याज्ञिक, हरिमोहन याज्ञिक, नवीन कुशवाह, आवेश जाटव, रामप्रकाश यादव, पवन याज्ञिक, सद्दाम हुसैन,सुन्दर सोनी,मंटू दूबे,पुष्पेंद्र द्विवेदी,राहुल पाटकार,अतुल चतुर्वेदी,दुर्गेश कुशवाह, दिलीप पटेल, विवेक चड्डा आदि पत्रकार उपस्थित रहे।बैठक का संचालन महामंत्री राजेन्द्र यादव ने किया।



# आरएसएस ने मनाई विवेकानंद की पुण्यतिथि

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने नदीगांव में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। ग्राम चकधारी स्थित गुर्जर फार्म हाउस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद को भारत का महान आध्यात्मिक विद्वान और दार्शनिक बताते हुए कहा कि उन्होंने योग और वेदांत के दर्शन को पश्चिमी देशों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें विशेष रूप से 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिए गए अपने ऐतिहासिक भाषण के लिए याद किया जाता है। स्वामी विवेकानंद ने कम उम्र में ही गहन ज्ञान प्राप्त कर लिया था और वे युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने। उन्होंने अपने भाषणों में युवाओं को 'उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत' जैसे संदेश दिए। उनका निधन मात्र 39 वर्ष की आयु में 4 जुलाई, 1902 को हुआ था। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कनासी खंड संघचालक अजय पाल सिंह निरंजन, अनिल कुमार गुप्ता, संजय कुमार बंटू दुवे, रामपाल सिंह गुर्जर बालजी आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस दल पर हमला करने का मामला

### पुलिस कर्मियों से मारपीट के मामले में वांछित छह आरोपी गिरफ्तार, लाठी-डंडे व लोहे की रॉड बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** थाना सिरसाकलार पुलिस ने मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए छह वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी, लोहे की रॉड तथा अन्य सामान भी बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार, 4 जुलाई 2026 को थाना सिरसाकलार क्षेत्र के ग्राम निरंजनपुरा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान मारपीट की घटना हुई थी। मामले में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 75/2026 के तहत पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। शनिवार को थाना सिरसाकलार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सकी खान, डीडी खान, मजीद खान, रहमान खान, इस्तकार उर्फ इस्तेखार खान तथा सबीना को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लकड़ी के डंडे, एक लोहे की रॉड, दो टूटी हुई लाठियां तथा एक गुम्मा बरामद किया है।इस कार्रवाई को थाना सिरसाकलार पुलिस टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

# सावधान! क्कमें धर्मांतरण का एक और नेटवर्क, हिंदू लड़की को कतर ले जाने की तैयारी में थे हैवान; पकड़े गए 5 मुस्लिम युवक

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश में छांगुर बाबा का आतंक लोग भूल नहीं पाए थी की अब एक और खौफजदा कर देने वाला मामला सामने आया है. दरअसल, उत्तर प्रदेश में धर्म परिवर्तन पर रोक के बावजूद, हिंदू लड़कियों को इस्लाम अपनाने के लिए उकसाया जा रहा है.

जी हाँ! इसी तरह की घटनाओं के कारण हिंदू समाज में बेचैनी आ पड़ी है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इटावा में एक हिंदू लड़की का इस्लाम में धर्म परिवर्तन कराने की साज़िश का खुलासा होने के बाद बवाल मचा हुआ है. दरअसल, यहां सिर्फ़ 13 साल की एक नाबालिग हिंदू लड़की को इस्लाम में लाने की कोशिश की जा रही थी . आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आरोप है कि डांस क्लास के दौरान जिन लोगों से वो मिली थी, उन्होंने ही उसे इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया. घटना के खुलासे के बाद, कोतवाली पुलिस स्टेशन में 11 गंभीर आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें धर्म परिवर्तन विरोधी कानून से जुड़े आरोप भी शामिल हैं.




आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. पुलिस ने उन सभी को हिरासत में ले लिया है और उनसे कड़ी पूछताछ कर रही है. पीड़िता के पिता की शिकायत में कहा गया है कि उनकी 13 साल की बेटी डांस क्लास जाती थी. इस दौरान वो एक मुस्लिम महिला के संपर्क में आई, जिसके ज़रिए कुछ मुस्लिम युवकों ने उस पर धर्म बदलने का दबाव डाला. उसके मोबाइल फोन पर धर्म बदलने और उसे दोहा, कतर ले जाने के बारे में मैसेज भी भेजे गए थे. मामला सामने आने के बाद, लड़की के पिता ने कोतवाली पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद केस दर्ज किया गया. पुलिस ने कहा है कि गहन जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. हालांकि अभी तक किसी पुलिस अधिकारी ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन पीड़िता के पिता द्वारा लगाए गए आरोप साफ तौर पर धर्म परिवर्तन की कोशिश की ओर इशारा करते हैं.

# उन्नाव में बेटे ने मंदिर में पिता को कुल्हाड़ी से काट डाला, पत्नी से अलगाव के लिए मानता था जिम्मेदार

( यंग भारत न्यूज )

**उन्नाव:** यूपी के उन्नाव में एक बेटे ने मंदिर में दीपक जलाते समय पीछे से वार कर अपने पिता की हत्या कर दी। युवक की पत्नी उसको छोड़कर चली गई थी। वह माता-पिता को पत्नी से अलगाव के लिए जिम्मेदार ठहराता था। पुलिस ने आरोपी बेटे को अरेस्ट का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना शनिवार की रात औरास थाना क्षेत्र के चमारन खेड़ा गांव की बताई जा रही है। मृतक प्रमोद बीजेपी के अनुसूचित जाति के औरास मंडल के अध्यक्ष थे।



जानकारी के मुताबिक, डकैली मजरे के निवासी 58 वर्षीय प्रमोद अपने परिवार के साथ रहते है। इनके चार बेटे हैं जो बाहर रहकर नौकरी करते हैं। बड़ा बेटा सोनेलाल 10 दिन पहले ही चंडीगढ़ से लौटा था। बताया जाता है कि सोनेलाल की कृष्णावती से शादी हुई थी और इनके दो बच्चे थे। आठ साल पहले कृष्णावती पारिवारिक विवाद के चलते दोनों बच्चों को ससुराल में छोड़कर अपने मायके चली गई थी। बताते हैं कि पत्नी के मायके चले जाने के बाद सोनेलाल दुखी रहता था। वह इसके लिए अपने माता और पिता को जिम्मेदार मानता था। घर आने के बाद सोनेलाल ज्यादातर पिता के द्वारा बनाए गए एक मंदिर में रहता था। आरोपी के पिता प्रमोद रोज सुबह और शाम मंदिर में दिया जलाने आया करते थे। शनिवार की रात आठ बजे के आसपास प्रमोद मंदिर में दिया जलाने आए थे। उसी समय सोनेलाल पीछे से आया और पिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। प्रमोद की मौके पर मौत हो गई। इस बीच लोगों ने प्रमोद को बचाने की कोशिश की, लेकिन सोनेलाल ने किसी की नहीं सुनी। थाना प्रभारी औरास संजीव कुशवाहा ने बताया कि आरोपी युवक कुछ दिमागी रूप से परेशान था। उसका किसी बात पर अपने पिता से विवाद हो गया था। आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी आठ साल पहले उसको छोड़कर चली गई थी। उसने दूसरी शादी भी कर ली है। संजीव कुशवाहा ने कहा कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि बेटे ने पिता की हत्या किस वजह से की

# पति बना कसाई और कमरा कसाईखाना! शक होने पर पत्नी को दी ऐसी दर्दनाक मौत; कांप उठा पूरा दिल्ली

( यंग भारत न्यूज )

दिल्ली से एक दिल को दहला देने वाली घटना सामने आ रही है. दरअसल, यहां एक पति ने ही अपनी पत्नी को बेरहमी से मारकर मौत के घाट उतार दिया है. जिसके बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गए. पुलिस ने शनिवार को बताया कि बाहरी दिल्ली के रणहोला इलाके में 28 साल के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर फोन पर किसी से बात करने का शक होने पर बैटरी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी और बाद में ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली. यह घटना 2 जुलाई को सामने आई जब पुलिस को बाहरी दिल्ली के तिलंगपुर कोटला गांव में हत्या की कोशिश के बारे में एक क्ष्ट्रकॉल मिली.जांचकर्ताओं के अनुसार, विनय ने झगड़े के बाद 24 साल की निशा के सिर पर एक्साइड बैटरी से वार किया. पुलिस ने बताया कि पत्नी की हत्या के बाद विनय ने एल्युमिनियम फॉस्फाइड खा लिया.




इसके बाद वो अपनी तीन साल की बेटी को पास ही कोटला विहार फेज-1 में अपनी मां के किराए के घर ले गया, जो उसके किराए के कमरे से लगभग 150 गज दूर था. वहां उसने अपनी बहन प्रिया को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है और ज़हर खा लिया है. उन्होंने बताया कि प्रिया तुरंत जोड़े के कमरे में पहुंची, जहां निशा खून से लथपथ पड़ी मिली. उसने पड़ोसियों को बताया, जिन्होंने फिर पुलिस को सूचना दी.उन्होंने बताया कि विनय को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस ने बताया कि दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम किया गया है और शव अंतिम संस्कार के लिए उनके परिवार को सौंप दिए गए हैं. पुलिस ने बताया कि जब उन्हें निशा गंभीर रूप से घायल और सिर पर गहरी चोटों के साथ मिली, तो वे उसे संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शुरुआती जांच से पता चला है कि निशा की शादी विनय से पांच साल पहले हुई थी. उनकी लगभग तीन साल की एक बेटी थी और वे पिछले छह या सात महीनों से उस इलाके में किराए पर रह रहे थे. पुलिस ने बताया कि रणहोला पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच चल रही है

# आगरा के बाद अब फतेहपुर में खौफनाक कांड, घर में सो रहे पति को पत्नी ने जिंदा जलाया

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश में इन दिनों महिलाएं अपने पति को मौत के घाट उतारकर चर्चाओं में बनी है. आगरा की एक महिला ने अपने पति की हत्या कर बाथरूम गाड़कर टाइल्स लगवा दिया. जिस बाथरूम में पति की लाश दफनाई, उसी में वो नहाती रही. जिसका पुलिस ने 45 दिन बाद हत्या का खुलासा किया. अब फतेहपुर में भी एक ऐसा ही दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है. जहां एक महिला ने घर में सो रहे पति को आग लगाकर मार डाला. महिला ने पहले खुद को बैंक में होने की बताकर बीड़ी से आग लगना बताया. मोहल्लेवासियों को शंका हुई तो पुलिस ने सख्ती की, जिसके बाद महिला ने पूरी वारदात के बारे में बताया. पुलिस की पूछताछ में पत्नी ने पहले शराब के नशे में धुत्त पति के बीड़ी पीने से घर में आग लगने और उसमें उसके जलने की बात बताई. लेकिन पुलिस ने जब सख्ती की तो उसने बताया कि पति शराब पीकर झगड़ा करता था. बार-बार के झगड़े से तंग आकर उसने नशे में घर में सो रहे पति के बेड पर पहले किरोसिन तेल डाला और फिर आग लगा दी. मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 26 जून की है, लेकिन इसका खुलासा अब हुआ है. महिला ने पहले मोहल्लेवासियों से कहा कि उसके घर में आग लग गई. सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला ने दरवाजा खोला, जहां उसकी सांसे चलती देख हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई. एसपी ने बताया कि मृतक अवधेश उर्फ पवन की पत्नी प्रीति उर्फ विनीता ने अपने पति को जिंदा जलाकर मार डाला और पुलिस को गुमराह करना शुरू कर दिया. पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया. बताया जा रहा कि महिला को शादी लगभग 16 वर्ष पूर्व हुई थी. शादी के बाद महिला की कोई संतान नहीं था. पति मजदूरी कर भारण पोषण करता था. शराबी पति की यातनाओं से आहत होकर महिला ने अपने पति को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतारा. पुलिस ने हत्या का खुलासा किया. महिला ने पुलिस के सामने दिए बयान में पड़ोस की एक महिला विमला के नाम का जिक्र किया. उसने बताया कि विमला ने उसे बहकाया, जिसके बाद उनसे इस तरह पति की हत्या कर दी, अब पुलिस मामले में आगे की छानबीन में जुटी है.

# सोशल मीडिया पर रोमांस, फिर पीयूष ने भरी पूनम की मांग... संबंध बनाने से करता रहा इनकार, पत्नी को शेविंग करते देखा तो खुला राज, उतारा मौत के घाट

( यंग भारत न्यूज )

आजकल सोशल मीडिया पर दोस्ती और प्यार होना बहुत आम बात हो गई है, लेकिन यह प्यार कभी-कभी कितना भयानक रूप ले सकता है, इसका एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला गुजरात के राजकोट से सामने आया है। यहां एक 20 साल के युवक ने अपनी उस 'पत्नी' की हत्या कर दी, जो असल में एक पुरुष निकला। तो चलिए जानते हैं कैसे सोशल मीडिया का यह झूठा प्यार एक खौफनाक मर्डर में बदल गया:

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर का रहने वाला 20 साल का पीयूष कुमार खरवार फेसबुक और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करता था। इसी दौरान उसकी पहचान 'निशा कुमार' और 'पूनम' नाम की आईडी वाली एक 'लड़की' से हुई। पीयूष को उससे प्यार हो गया और दोनों ने साथ रहने का फैसला किया। प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि पीयूष ने उस 'लड़की' की मांग में सिंदूर भर दिया और उसे अपनी पत्नी मानकर उसके साथ लिव-इन में रहने लगा। दोनों साथ तो रह रहे थे, लेकिन जब भी पीयूष अपनी 'पत्नी' के करीब जाने की कोशिश



करता, वह धार्मिक कसमों का बहाना बनाकर शारीरिक संबंध बनाने से मना कर देती थी। एक दिन पीयूष ने कुछ ऐसा देखा, जिससे उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने अपनी पत्नी को शेविंग करते यानी दाढ़ी बनाते हुए पकड़ लिया। तब जाकर यह राज खुला कि जिसे वह लड़की समझकर पत्नी मान चुका है, वह दरअसल एक लड़का है, जिसका असली नाम चंदन कुमार है। चंदन ने लड़की बनकर पीयूष का भरोसा जीता था क्योंकि वह एक गे था और पीयूष के साथ संबंध बनाना चाहता था। इस खुलासे के बाद दोनों के बीच भयंकर झगड़े शुरू हो गए। पीयूष उससे पीछा छुड़ाकर भागने लगा। वह चंदन से बचने के लिए हैदराबाद से यूपी, फिर राजस्थान और अंत में गुजरात के राजकोट आ गया।लेकिन चंदन ने उसका पीछा नहीं छोड़ा और वह भी राजकोट पहुंच गया। 21 जून को पीयूष के काम करने की जगह पर दोनों के बीच फिर से तीखी बहस हुई। चंदन से पूरी तरह परेशान हो चुका पीयूष उसे बातों में उलझाकर रेलवे ट्रैक के पास एक सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने चंदन के सिर पर बड़े पत्थरों से जोरदार हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद वह लाश को वहीं छिपाकर वापस अपने काम पर लौट आया। 25 जून को राजकोट पुलिस को मस्कत फाटक के पास एक सड़ी-गली लाश मिली। मृतक ने महिलाओं वाले कपड़े पहने थे, बाल लंबे थे और हाथ पर 'पीयूष' नाम का टैटू था। पहले पुलिस को लगा कि यह किसी महिला की लाश है, लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि यह एक पुरुष का शव है और उसके सिर पर भारी चीज से वार करके हत्या की गई है। पुलिस को जांच के दौरान 4 सेकंड का एक सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसमें पीयूष नजर आ रहा था। पुलिस ने लेबर कंपनियों की मदद से पीयूष की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर पीयूष ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पीयूष के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मर्डर का केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# 'बहन-बेटी बुरी नहीं लगती, जब इज्जत उतारने लगे तो.' मेरठ में बहन को गोली मारने वाले आरिश का बयान

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** आरिश थाने की हवालात के एक कोने में बैठा है। जो भी आता है, बरबस उसकी निगाह उस पर पड़ती है। हवालात की दीवार से कमर सटाए आरिश का मासूम चेहरा देखकर कोई नहीं कह सकता था कि चंद घंटों पहले उसने उस बहन को मौत के घाट उतार दिया है, जिसे दुल्हन बनाकर पिया के घर भेजने का सपना देखा करता था।



भावहीन चेहरा बिल्कुल सपाट था। उस पर न दर्द था, न ही दुख। डर तो दूर-दूर तक नहीं दिखा। कैसे बहन की कनपटी पर तमंचा सटाकर इस भाई ने गोली चलाई होगी क्या रही होगी उस समय इसकी मनोदशा हर कोई यह जानना समझना तो चाहता है, लेकिन आरिश ने जिस तरह घटना को अंजाम दिया, उसके बाद उससे पूछने को कोई साहस नहीं कर पाया। आखिर उससे पूछा क्यों मार दिया भाई बहन कोआरिश ने लटका चेहरा उठाया, बोझिल आंखों से देखा, सिर दीवार से हलका सा टकराया, बोला, क्या करता, आना जाना भी मुश्किल हो गया था। घर से निकलते ही लोग उसे देखकर इशारे करने लगते थे, एक दूसरे को कोहनी मारते थे। कुटिल मुस्कान के साथ खांसते तो चलना भी मुश्किल हो जाता था। रोज मरता था मैं..भाई बहन-बेटी बुरी नहीं लगती है, जब इज्त उतारने लगे तो आदमी हर पल आदमी मरता है। लोहियानगर में पिछले एक माह में यह तीसरी ऑनर किलिंग की घटना है। दो मामलों में भाइयों ने बहन का बेरहमी से कत्ल किया। तीसरे में मामा ने सौतेले भांजे संग भाजी का पहले बेरहमी से कत्ल किया, फिर शव दूर फेंक आया। एक मामले में तो नाबालिग भाई ने अपने से कई साल बड़ी बहन की उसके ही दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी। वह बहन को समझाकर घर की इज्जत का वास्ता देकर सुधरने की मिन्नत कर चुका था। इसके बाद भी बहन नहीं मानी, जब मन किया, जिसके साथ चाहा चली गई। जब मन किया वापस आ गई। लोगों के रोज-रोज तानों से तंग आकर भाई ने बहन का कत्ल कर जेल की सलाखों को अपना ठिकाना बना लिया। भांजी की हत्या करने वाले मामा की भी पकड़े जाने पर कुछ ऐसी ही बयानगी थी। उसने कहा था कि गांव वालों के ताने उससे अब बर्दाश्त नहीं हो रहे थे। हवालात में बैठे आरिश कहता है, रात में वह कई बार जागा, देखा अफशां फोन पर बात कर रही है। वह जानता था, किससे उसकी बातचीत हो रही है। उसे सोने को कहने पर उसने फोन तो काटा, लेकिन फिर आंख खुली तो वह बात करती दिखाई दी। चारों भाई मजदूरी कर घर चला रहे थे, सिर पर बाप का साया नहीं था। इन हालातों को अफशां को बताने पर भी वह नहीं समझी। बातचीत के दौरान आरिश की आंखों में आंसू आए, सिसकते हुए बोला, अफशा को उसे नहीं मारना चाहिए थे, पर उसे भी समझना चाहिए था। सभी उसकी भलाई ही तो चाहते थे। रोते हुए आरिश बस इतना ही बोला.. सब कुछ बर्बाद हो गया भाई.. पता नहीं अब क्या होगा। पड़ोसियों का कहना था कि अफशां बेहद जिद्दी थी। हालांकि वह घर से कम ही निकलती थी। परिवार के लोगों की कोई बात उसे पसंद नहीं आती थी तो वह खुलकर विरोध करती थी। वह न मां से डरती थी, न भाईयों से। स्वजन ने उसके मोबाइल से बातचीत करने का विरोध किया तो उसने साफ कह दिया, वह ऐसे ही बात करेगी। स्वजन को यकीन था कि वह प्रेमी से ही बात करती है। रोज-रोज के झगड़े के बाद जब स्वजन ने उसके रिश्ते की चर्चा की तो वह लगातार विरोध करती रही। जब उसे पता चला कि उसका रिश्ता कर दिया गया है तो उसने साफ कह दिया कि वह किसी भी सूरत में निकाह नहीं करेगी। वह हाजीपुर के अपने प्रेमी संग ही रहेगी।

# 11 साल, तीन मर्द और खून अंत... उलझी जिंदगी जी रही थी आरती, कत्ल के बाद बोला एक्स प्रेमी- बहुत अकड़ती थी

( यंग भारत न्यूज )

आरती हत्याकांड में मुख्य आरोपी धर्मेंद्र ने बताया, 'वह बहुत अकड़ती थी. जब मैंने उसका गला दबाया तो वह एक मिनट भी नहीं झेल पाई और छटपटाकर वहीं दम तोड़ दिया.' हत्या कबूल करने के साथ ही आरोपी के मुंह से जब यह सुना तो पुलिस भी दंग रह गई. हत्या का आरोप कोई नहीं, बल्कि आरती का पहला बॉयफ्रेंड और पूर्व लिव-इन पार्टनर था. धर्मेंद्र ने बताया कि आरती उसका साथ छोड़ दिया था, जिससे वह नाराज था. पुलिस से कहा कि उसने मुझे धोखा दिया, क्योंकि मेरे ही फुफेरे भाई संजू से संबंध बना लिए थे. सरकारी दस्तावेजों और आधार कार्ड में मेरा नाम था, जबकि उसके साथ कोई और रह रहा था. यह सब मुझसे सहन नहीं हुआ.

पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी लगातार चकमा देता रहा. वह किसी लोकेशन पर एक घंटे से ज्यादा नहीं ठहरता, लेकिन शनिवार रात को उसके बारे में जानकारी मिली. पता चला कि वह जलालपुर के पास 'तलवार वाले हनुमान मंदिर' के पास छिपा है. फिर हजीरा पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया. वहां से उसे थाने लाया गया, जहां उसने हत्या की बात कबूल कर ली और गला घोंटकर मारने की पूरी कहानी बताई. जांच में पता चला है कि आरती की जिंदगी भी काफी उलझन वाली रही है. उसने शादी के बाद पहले पति को छोड़ दिया, जिसके बाद वह धर्मेंद्र के संपर्क में आई, फिर उसे भी छोड़ दिया और संजू के संपर्क में आई, जो धर्मेंद्र का ही फुफेरा भाई था. अब वह इसी के साथ अपने बच्चों के साथ रह रही थी. इसी उलझी जिंदगी में उसका खूनी अंत हो गया. आरती ने 11 साल पहले 2015 में अतर सिंह से शादी की थी, जिससे उसके दो बच्चे हुए. फिर उसकी नजदीकियां पति के दोस्त धर्मेंद्र से बढ़ीं, जो बाद में उसके घर आने-जाने लगा. नजदीकियां बढ़ीं तो अतर सिंह को पता चल गया. जब दोनों में विवाद होने




लगा तो ने पति को छोड़ दिया.जब आरती की धर्मेंद्र से नजदीकियां बढ़ रहीं थी वह 2023 का साल था. अतर सिंह से झगड़ा होने के बाद वह पति को छोड़ आई और धर्मेंद्र के साथ लिव-इन में रहने लगी. यहां तक कि उसने आधार कार्ड समेत अन्य सरकारी दस्तावेजों में धर्मेंद्र का नाम जुड़वा लिया था.

-आगरा: जेठ पर भरोसा कर पिघली रूबी ने खोला दिल में दबा पति की हत्या राज, सुरेंद्र मर्डर केस में कब क्या हुआ

आरती की जिंदगी में फिर आया नया मोड़

आरती की जिंदगी में तीन साल बाद फिर से नया मोड़ आ गया, क्योंकि अब उसके करीब धर्मेंद्र का भाई संजू आ गया था. फिर उसके धर्मेंद्र से रिश्ते बिगड़ने लगे और संजू उसका दूसरा प्रेमी बन गया. आरती दो महीने पहले ही संजू के साथ अलग किराये के कमरे में शिफ्ट हुई थी और लिव-इन में रह रही थी. दोनों ई-रिक्शा चलाकर जीवन यापन कर रहे थे, लेकिन धर्मेंद्र इससे नाराज था.

फिर आया हत्या का दिन, आरती के लिव-इन पार्टनर से हुआ था झगड़ा

1 जुलाई को हजीरा थाना क्षेत्र के आरा मील इलाके में आरती की हत्या हुई थी. आरती के पिता दर्शनलाल धाकड़ ने बताया कि 1 जुलाई को वह काम से घर लौटी थी. वह तभी उसका दूसरा बॉयफ्रेंड संजू भी वहां आ गया. इसी बीच धर्मेंद्र भी पहुंच गया. पता चला कि यहां आने से पहले रेलवे स्टेशन पर तीनों के बीच झगड़ा हुआ था. फिर तीनों ने कमरे में बैठकर शराब पी. इसी बीच धर्मेंद्र और आरती के बीच विवाद बढ़ गया. इतने में उसने आरती की हत्या कर दी. जांच में पता चला कि मौत से ठीक पहले आरती ने अपने भाई को आखिरी बार फोन किया था, जहां उसने रोते हुए बताया था कि धर्मेंद्र उसको जान से मारने की धमकी दे रहा है और कह रहा कि अगर वह मेरे साथ नहीं रही तो तुझे और संजू दोनों को जान से मार दूंगा. -ग्वालियर में भी चलते-चलते बंद हो रहे ई-रिक्शे! एप से बैटरी हैकिंग का दावा, पुलिस जांच में जुटी

# प्रॉपर्टी के लिए मामा को जिंदा जलाया

### -दो दिन पहले कहा था- अपने घर जाओ, नहीं तो मार दूंगा; सीसीटीवी से खुली पोल



**झांसी।** जनपद में 69 साल के मामा की हत्या उसके सगे भांजे ने की थी। शनिवार रात 11 बजे पुलिस ने आरोपी भांजे और उसके साले को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने अपना जुर्म कबूल भी कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मामा नेपाल सिंह तोमर 28 जून की रात घर के बाहर सोए थे। तभी आरोपी भांजा प्रीतम सिंह (40) अपने साले राजा सिंह उर्फ गोलू (32) के साथ कार से आया। मामा को चादर समेत कार में भरा। 30 किलोमीटर दूर मध्य प्रदेश में छतरपुर जिले के करारागंज गांव के जंगल में पहुंचा।

रास्ते में गला दबाने की कोशिश की। पत्थर से सिर कूच दिया। फिर भी मामा की सांसें नहीं रुकीं तो पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। 4 दिन बाद जंगल से गुजर रहे लोगों ने जला हुआ शव देखा। पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान के बाद पुलिस ने 4 जुलाई को सुबह 11 बजे हत्या का केस दर्ज किया। उउळश खंगालने शुरू किए तो आरोपियों की पहचान हुई। मुखबिर की सूचना पर देर रात आरोपियों को पकड़ा। वारदात में इस्तेमाल कार बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया- मामा हमारे घर पर ही रहते थे। पूरी प्रॉपर्टी मेरे और मां के नाम कर चुके थे। मैं अपनी जमीनें बेच चुका था। अब मां की प्रॉपर्टी बेचना चाहता था। मामा इसके खिलाफ था। इसलिए उसे मार डाला। उसने यह भी बताया कि 2 दिन पहले ही उसे मामा को धमकाया था कि अपने घर चले जाओ, वरना जान से मार दूंगा। मामला लहचूरा थाना क्षेत्र का है। लहचूरा थाना प्रभारी सरिता मिश्रा ने बताया- नेपाल सिंह तोमर (69) महोबा के महोबकंठ थाना क्षेत्र के दिदवारा गांव का रहने वाला था। वह कोई काम-धंधा नहीं करता था। उसने शादी भी नहीं की थी। नेपाल की छोटी बहन सुधा सिंह (65) की शादी लहचूरा थाना क्षेत्र के धमनापायक गांव में अर्जुन सिंह से हुई थी। बहनोई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसलिए नेपाल 30 सालों से बहन सुधा के घर पर रह रहे थे। पूरी प्रॉपर्टी बहन और इकलौते भांजे के नाम कर दी थी। प्रीतम के नाम करीब 30 बीघा जमीन आई थी। धीरे-धीरे उसने अपनी पूरी प्रॉपर्टी बेच दी। माता-पिता से अलग होकर बगल की जमीन पर दूसरा घर बनवाया और वहीं रहने लगा। आरोपी प्रीतम अपने घर में पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। उसकी 2 बेटियों की शादी हो चुकी है। 2 बेटे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। एक बेटी की शादी 24 जून 2026 को हुई थी। जब आरोपी के पास पैसे नहीं बचे तो मां के नाम के नाम का घर और 25 बीघा जमीन भी बेचने की कोशिश करने लगा। इसका नेपाल विरोध करता था। सुधा भी नेपाल की बात मानती थी। प्रीतम की दूसरी बातों पर भी नेपाल टोका टाकी करता था। इस वजह से प्रीतम नेपाल से खुन्नस रखता था। वह उसे घर पर नहीं देखना चाहता था। मामा को कई बार धमका चुका था। कहा था- घर जाओ, नहीं तो मार देंगे। 27 जून को प्रीतम ने दिदवारा गांव में रहने वाले बड़े मामा वीर सिंह तोमर को फोन कर कहा था कि नेपाल को ले जाओ। वरना दो दिन में जान से मार दूंगा।

## राम राजा दवाखाना में गार्ड को बंधक बनाकर लाखों ले गए नकाबपोश बदमाश




(यंग भारत न्यूज)

**झांसी।** नवाबाद थाना क्षेत्र के नारायण धर्मशाला रोड पर रामराज दवा खाना में सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर बदमाशों ने मेडिकल स्टोर के ताले तोड़कर लाखों की नकदी लेकर भाग निकले नकाब पोश। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन निवासी मनु बिहार कॉलोनी निवासी विजय वर्गीय की राम राजा दवा बाजार में मेडिकल स्टोर एजेंसी है। देर रात नकाब पहले हेलमेट लगाए बाइक सवार दो युवक यहां पहुंचे ओर सुरक्षा में मौजूद गार्ड माखन ओर उसके साथी को धारदार हथियात दिखाकर डरा धमका कर उनके हाथ पैर बांध दिए। इसके बाद बदमाश महेश मेडिकल एजेंसी की नीचे वाली ओर ऊपर वाली दुकान के ताले तोड़कर गुल्लक मे रखे लाखों की नकदी लूट कर ले गए। एजेंसी के मैनेजर नरेंद्र ने बताया कि बदमाशों ने दोनों दुकानों के शटर के ताले तोड़कर गुल्लक मे रखे करीब दो से तीन लाख रुपए की चोरी की है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना बदमाशों के जाने के बाद सुरक्षा गार्ड ने विजय वर्गीय को दी। सूचना पर एजेंसी के मालिक ओर कचहरियों सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सीसीटीवी कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## निःशुल्क शरबत वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न



(यंग भारत न्यूज)

**झांसी।** भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए आमजन को राहत प्रदान करने तथा मानव सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षा संगठन, झांसी एवं भारत विकास परिषद, धनवंतरी शाखा, झांसी के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार, 05 जुलाई 2026 को सायं 04:00 बजे गणेश चौराहा, उन्नाव बालाजी रोड, झांसी पर नि:शुल्क शरबत वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु नि:शुल्क शीतल शरबत वितरित किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण भी किया गया। आयोजकों ने सभी सम्मानित नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। साथ ही इसी अवसर पर श्रीमती ममता निरंजन जी का जन्मदिन भी बड़ी उत्साह से सभी ने मिलकर मनाया। कार्यक्रम में प्रांतीय महासचिव श्री नंद गोपाल अग्रवाल व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री रामकृष्ण निरंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद, झांसी की अध्यक्ष डॉ. दीपा राय ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रवि कुमार, भारत विकास परिषद, जिला समन्वयक व धनवंतरी शाखा की संरक्षिका श्रीमती रजनी गुप्ता एवं कैप्टन राजवीर सिंह, भानी देवी गोयल के प्रिंसिपल सोनी जी, के0 के0 गुप्ता, कुलभूषण श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगीता गुप्ता, श्री सतीश कुमार गुप्ता, श्री आर.के. निरंजन, श्री ओ.पी. गुप्ता, श्री जे.एस. गुप्ता, श्रीमती मधु श्रीवास्तव, श्रीमती ममता निरंजन, श्रीमती मीरा वर्मा, नौशाद खान, सलमान खान, श्री राजेश पटेल, डॉ. अनुभव सचान, श्री निपुण पाठक एवं कैप्टन एस.के. त्रिपाठी, शिरोमणि शर्मा, ओ पी गुप्ता, डॉ एच0 पी0 राय, डॉ आर्यन पटेल, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता जयेश कुमार बजाज (जिला महामंत्री), अभिषेक श्रीवास्तव (नगर अध्यक्ष), नौशाद खान एवं सलमान खान का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वी.के. निरंजन ने किया, जबकि अंत में अधिवक्ता जयेश कुमार बजाज ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बरुआसागर नगर पालिका के पार्षद समेत 5 लोग जुआ खेलते गिरफ्तार, 14,150 रुपये बरामद

### सब हेडलाइन:सार्वजनिक स्थान पर चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज



(यंग भारत न्यूज)

**बरुआसागर (झांसी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बरुआसागर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बरुआसागर नगर पालिका का एक पार्षद (जनप्रतिनिधि) भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8,200 रुपये मालफड़ और 5,950 रुपये की जामातलाशी सहित कुल 14,150 रुपये नकद बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अखिलेश कुशवाहा (25) निवासी कम्पनीबाग बरुआसागर, महेंद्र कुशवाहा (35) निवासी सिस्द्धपुरा थाना टहरौली, गुलाब वर्मा (62) निवासी दुरटिया खिरक थाना बरुआसागर, महेंद्र कुशवाहा (36) निवासी अयोध्या की टोरिया, थाना बरुआसागर, जो बरुआसागर नगर पालिका के पार्षद (जनप्रतिनिधि) हैं, तथा अनुप गुप्ता (51) निवासी दुबे का चौक, थाना निवाड़ी (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध थाना बरुआसागर में जुआ अधिनियम की धारा 13-जी के तहत मुकदमा संख्या 153/2026 दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

यह कार्रवाई उपनिरीक्षक विशेष पाल सिंह, उपनिरीक्षक योगेश सैनी, उपनिरीक्षक उदय सिंह, कांस्टेबल सुखवीर, उपनिरीक्षक प्रतीक दीक्षित एवं उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह की टीम ने संयुक्त रूप से की।

## मुस्लिम वक्फ बोर्ड की संपत्ति को गैर कानूनी तरीके से दान करने और बेचने की शिकायत, सिंडिकेट के खिलाफ ओरछा गेट चौकी पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

(यंग भारत न्यूज)

**झांसी।** अक्सर मुस्लिम वक्फ बोर्ड की जमीनों को गैर कानूनी तरीके खरीद फरोख्त कर हड़पने के मामले सामने आते थे, लेकिन आज तक इन पर कठोर कार्यवाही नहीं की गई। जिसके चलते मुस्लिम वक्फ बोर्ड की भू माफियाओं के कब्जे से मुक्त नहीं हो पा रही ओर लगातार अवैध कब्जे ओर अवैध तरीक़े से खरीद फरोख्त बिक्री का खेल चल रहा है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया जहां तिलयानी बजरिया निवासी रोशन नाम के व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पोर्टल ओर पुलिस तथा ओरछा गेट चौकी पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि तिलयानी बजरिया स्थित वक्फ बोर्ड 120 नम्बर की जमीन पर एक बड़े सिंडिकेट ने कई लोगों से रुपए लेकर वक्फ बोर्ड की जमीन को अपनी दर्शा कर बेच दी ओर लाखों रुपया अवैध तरीके से अर्जित कर लिया है। इसकी जांच ओरछा गेट चौकी पुलिस को मिली। चौकी पुलिस ने शिकायत कर्ता ओर विपक्षी सिंडिकेट को बुलाया। विपक्षी कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। शिकायत कर्ता का आरोप है कि मुस्लिम वक्फ बोर्ड की जमीन फर्जी कूट रचित तरीके से बेचने वाला यह सिंडिकेट काफी प्रभाव शाली है, इनके पास दस्तावेज नहीं होने के बावजूद चौकी पुलिस ने आईजीआरएस पर मिथ्या रिपोर्ट लगाकर मामले को दबाने का प्रयास किया है। शिकायत कर्ता का कहना है कि वह तहसील दिवस में यह मामला उठाएगा।

## जंगली सब्जी खाने के बाद बुजुर्ग की मौत

### बेटा-बहू की हालत नाजुक, मेडिकल कॉलेज में भर्ती; फूड पॉइजनिंग की आशंका

**झांसी।** जनपद में मकोय की भाजी (जंगली सब्जी) खाने के बाद पिता-पुत्र और बहू की हालत बिगड़ गई। तीनों को उल्टी होने लगी। उनको मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान रविवार को झल्लीराम पांचाल (84) की मौत हो गई।

वहीं, उनके बेटे छत्रसाल (58) और बहू विद्यादेवी (55) की हालत नाजुक बनी है। रविवार दोपहर 3 बजे पुलिस ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर दोनों से घटना की जानकारी ली। पता चला कि घर में जंगली मकोय की भाजी बनी थी। पहले झल्लीराम ने खाना खाया। इसके कुछ देर बाद बेटे और बहू ने खाना खाया। तीनों ने प्रसाद भी खाया था। पुलिस को फूड पॉइजनिंग होने की आशंका है। पूरा मामला प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बिजौली स्थित अटारियन रोड का है। झल्लीराम पांचाल मूलरूप से उल्दन थाना क्षेत्र के अमनपुरावार गांव के रहने वाले थे। पिछले 18 साल से बिजौली के अटारियन रोड पर प्राचीन हनुमान मंदिर के पास रह रहे थे। झल्लीराम का एक बेटा छत्रसाल और दो बेटियां हैं। तीनों की शादी हो चुकी है। घर पर झल्लीराम अपने बेटे छत्रसाल और बहू विद्यादेवी के साथ रहते थे। जबकि, छत्रसाल के दो बेटे हरदीप और विकास बाहर जॉब करते हैं। हरदीप ने बताया- रोजाना की तरह शनिवार रात को पिता छत्रसाल मंदिर गए थे। वहां चना और गुड़ का प्रसाद चढ़ाया था। वहां भी कुछ प्रसाद मिला था। घर आने के बाद तीनों ने प्रसाद खाया।हरदीप ने आगे बताया- घर में मकाय की भाजी बनी थी। सबसे पहले दादा झल्लीराम ने खाना खाया। फिर पिता ने खाना खाया और कुछ देर बाद मां ने खाना खाया। रात लगभग 10 बजे तीनों की हालत बिगड़ गई। तीनों को उल्टी होने लगी। मां ने आसपास के लोगों की सूचना दी। लोगों ने किसी तरह तीनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां झल्लीराम की हालत नाजुक हो गई। इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई। अभी छत्रसाल और उसकी पत्नी विद्यादेवी का इलाज चल रहा है। हरदीप ने कहा कि इस घटना में कुछ साजिश भी हो सकती है। प्रेमनगर थाना प्रभारी तुलसीराम ने बताया कि तीनों ने प्रसाद खाया। जो छत्रसाल ने ही मंदिर में चढ़ाया था। मंदिर से भी कुछ प्रसाद मिला था। इसके बाद मकोय की सब्जी खाई। थोड़ी देर बाद तीनों की हालत बिगड़ गई। विद्यादेवी घर से बाहर भी नहीं गई। प्रथमदृष्टया फूड पॉइजनिंग का केस लग रहा है।

## अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को थाना मटौंध पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

### अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद



(यंग भारत न्यूज)

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है, अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। गौरतलब हो कि दिनांक 29/30.06.2026 की रात्रि थाना मटौंध पुलिस को रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग दौरान दुरेड़ी बाइपास तिराहे के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रुप से घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए। जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी-

01 अवैध तमंचा 12 बोर

01 जिन्दा कारतूस 12 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. बिन्देश्वरी पुत्र कलुवा निवासी दुरेडी थाना मटौंध जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1- मु0अ0सं0- 128/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मटौंध जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री अरविन्द कुमार चौकी प्रभारी भूरागढ़
2. कां0 अनुज यादव
3. कां0 दिनेश यादव
4. रि0कां0 अमित प्रजापति

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718